आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–24 अगस्त 2024 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल में कल हुई बस दुर्घटना के मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा की है। दुर्घटना पर गहरा शोक प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि वह नेपाल के तनहुन जिले में सड़क दुर्घटना के कारण लोगों की मौत से दुखी हैं। वहां पर भारतीय दूतावास प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। उन्होंने दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये और घायलों के लिए पचास हजार रुपये के अनुग्रह राशि की घोषणा की।

नेपाल में पोखरा से भारतीय पर्यटकों को लेकर काठमांडू लौट रही गोरखपुर जिले की एक बस के कल नदी में गिर जाने से 27 लोगों की मौत हो गई थी। बस में करीब 40 से अधिक भारतीय यात्री सवार थे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राहत आयुक्त कार्यालय और महराजगंज जिले के प्रशासनिक अधिकारी भी नेपाल के अधिकारियों से दुर्घटना के बाद ही से निरंतर सम्पर्क में हैं और शवों को भारत लाने समेत सभी आवश्यक कार्रवाई में जुटे हुए हैं।

इस बीच, सडक दुर्घटना में मारे गए लोगों के शवों और घायलों को भारत लाने के कार्य की निगरानी के लिए युवा कार्य और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे नेपाल की राजधानी काठमांडू पहुंचीं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में सुश्री खडसे ने कहा कि उन्होंने काठमांडू के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव और नेपाल विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव ब्रिघु धुंगाना के साथ बचाव अभियान और आगे की कार्रवाई के बारे में चर्चा की। उधर, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि महाराष्ट्र सरकार के अनुरोध पर भारतीय वायुसेना का विमान बस दुर्घटना में मारे गए महाराष्ट्र के श्रद्धालुओं के शव भारत लाएगा।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 113वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए. आई. आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

****

अयोध्या के श्रीरामलला मंदिर में प्रथम तल पर बन रहे संगमरमर के राम दरबार के साथ टाइटेनियम धातु का राम दरबार भी रखा जाएगा। रक्षा मंत्रालय से जुड़ी संस्था मिधानी ने इस मजबूत धातु का दरबार श्रीराम मंदिर निर्माण समिति ट्रस्ट को सौंपा है। यह जानकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि टाइटेनियम धातु पनडुब्बी बनाने के काम आता है । इसकी विशेषता यह है कि यह पानी, नदी, समुद्र और पहाड़ जैसे जगहों पर लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है। श्री मिश्र ने यह भी बताया कि राम मंदिर परिसर में बन रहे सप्त मंदिर में अक्टूबर तक मूर्तियां पहुंचने की संभावना है। इस मंदिर का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है।

****

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल मथुरा जिले में भगवान श्रीकृष्ण के पांच हजार दो सौ इक्यावनवें जन्मोत्सव समारोह का शुभारंभ करेंगे। वह ब्रज क्षेत्र के लोगों के लिए पांच सौ तिरासी करोड़ रुपये की लागत की एक सौ सैंतीस परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। इसमें बरसाना रोप वे, यमुना नदी में क्रूज, पाच्चजन्य प्रेक्षागृह, वृंदावन में लक्ष्मण शहीद स्मारक प्रेक्षागृह, मल्टीलेवल पार्किंग, गोवर्धन तहसील भवन, बरसाना कोसी गोवर्धन मार्ग का चौड़ीकरण और मथुरा वृंदावन मार्ग चौड़ीकरण जैसी योजनाएं प्रमुख रूप से शामिल हैं। मुख्यमंत्री मथुरा में ही रात्रि विश्राम करेंगे और अगले दिन श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन भी करेंगे।

****

प्रदेश के सड़सठ जिलों में कुल एक हजार एक सौ चौहत्तर परीक्षा केन्द्रों पर आज दूसरे दिन भी कड़ी सुरक्षा के बीच उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी सीधी भर्ती परीक्षा दो हजार तेईस सम्पन्न हो गई। यह परीक्षा कल भी होगी और इसके बाद तीस व इकतीस अगस्त को आयोजित की जाएगी। दो पालियों में होने वाली इस परीक्षा में अन्य राज्यों के अभ्यर्थी भी हिस्सा ले रहे हैं। एडमिट कार्ड दिखाने पर परीक्षार्थियों के लिए रोडवेज की बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जा रही है। साथ ही कई विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। सहारनपुर जिले के एक परीक्षा केंद्र पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर परीक्षा देने का प्रयास कर रहे एक अभ्यर्थी के खिलाफ वहां की पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

****

भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण ने खाद्य उत्पाद से जुडे संचालकों को दूध और दुग्ध उत्पादों के पैकेटों से ए–वन और ए–टू के बारे में सभी दावे तत्काल हटाने का आदेश दिया है। यह आदेश ई–कॉमर्स प्लेटफार्म पर खाद्य उत्पाद से जुडे संचालकों पर भी लागू होगा।

****